फैक्स

आश्वासन की बैठक/सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या-43/2016/ 911/एक-6-2016-ए0क्यू0-1(01)/2009

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

राजस्व अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक 01 सितम्बर, 2016**

विषय- राजकीय आस्थान की कथित घोटाले विषयक आश्वासन संख्या-59/2009 की पूर्ति की सूचना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राजस्व अनुभाग-14 के पत्र संख्या-787/एक-14-2016 दिनांक 29-8-2016 एवं उप सचिव समिति सामान्य अनुभाग-2 के अर्द्ध0शा0 पत्र संख्या-1062/3(आ0स0)/2015-16, दिनांक 24-8-2016 की छायाप्रति संलग्नकों सहित प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत मामले की अद्यतन स्थिति की आख्या सहित आश्वासन की पूर्ति के क्रम में सूचना शासन को दिनांक 02-09-2016 को विशेष वाहक के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- मा0 आश्वासन समिति की बैठक दिनांक 8-9-2016 को 11.00 बजे निर्धारित है। अत: सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही अपेक्षित है।

संलग्नक: यथोक्त

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या-43/2016/911(1)/एक-6-2016, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को संलग्नकों की प्रति सहित इस आशय से प्रेषित कि कृपया नियत समयावद्धि में उक्त सूचना/आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिनिश्चित करने का कष्ट करें ।

संलग्नक :यथोक्त ।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in